## हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की वित्त समिति की दिनांक 29/06/2026 को पूर्वान्ह 11:30 बजे आहूत 32वीं बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रोफेसर समशेर<br>कुलपति<br>एवम्<br>अध्यक्ष, वित्त समिति<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री प्रभाकर चन्द्र मिश्रा (वीडियो कान्फेन्सिग)<br>(प्रतिनिधि–प्रमुख सचिव,प्राविधिक शिक्षा)<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | श्रीमती यज्ञेश सिंह<br>(प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव वित्त)<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन,<br>कानपुर मण्डल कानपुर। | सदस्य |
| 4. | श्री अमित कुमार राठौर<br>कुलसचिव,<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य |
| 5. | श्री साहित्य कुमार कटियार<br>वित्त नियंत्रक,<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव |
| 6. | प्रोफेसर राजेश कुमार वर्मा,<br>अधिष्ठाता शोध एवं विकास<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आंमत्री |

मा0 अध्यक्ष, वित्त समिति द्वारा बैठक में आन लाइन/आफ लाइन प्रतिभाग करने वाले समस्त सदस्यों का बैठक में स्वागत किया गया। स्वगतोपरान्त वित्त समिति की विगत बैठक के उपरान्त विश्वविद्यालय में हुई विभिन्न गतिविधियों से मा0 सदस्यों को अवगत कराने के कम में मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा हर्ष साथ अवगत कराया गया कि आई0आई0आर0एफ0 रैंकिंग में विश्वविद्यालय को प्रदेश स्तर पर आई0आई0टी0 कानपुर एवं आई0आई0टी0 बी0एच0यू0 के बाद 3rd रैंक प्राप्त हुई है तथा देश स्तर पर इंजीनियरिंग कैटेगरी में 19th रैंक प्राप्त हुई है। इसी तरह कल प्रकाशित इण्डिया टुडे में इंजीनियरिंग कटेगरी में ओवरआल में देश में 22 तथा प्रदेश में आई0आई0टी0 कानपुर के बाद दूसरा तथा शासकीय इंजी0 संस्थानों में देश में 18वॉ तथा प्रदेश में आई0आई0टी0 के बाद दूसरा स्थान मिला है। इस सफलता हेतु मा0 कुलपति महोदय ने वित्त समिति के सम्मानित सदस्यों को वित्त सम्बन्धी नीति निर्धारण एवं कार्यान्वयन में सहयोग

के लिये आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया। मा0 कुलपति महोदय द्वारा माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल महोदया एवं मा0 मंत्री प्राविधिक शिक्षा को उनके सतत मार्गदर्शन एवं सहयोग हेतु हृदय से आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद दिया गया। विश्वविद्यालय को प्राप्त इस सफलता हेतु मा0 कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति, अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों को उनके सहयोग हेतु धन्यवाद दिया। तद्पश्चात मा0 कुलपति महोदय द्वारा वित्त समिति की विगत एवं वर्तमान बैठक के मध्य सम्पन्न निम्नलिखित विश्वविद्यालय शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों से अवगत कराया गयाः

1. वर्तमान शैक्षिक सत्र निर्धारित ऐकेडमिक कलेण्डर के अनुसार तय समय से लगभग पूरा हो गया है। सभी परीक्षा परिणाम घोषित हो चुके हैं।
2. 05 विद्याओं CS, ME, ET, FT, PL को एन0बी0ए0 नई दिल्ली से प्रत्यायनित कराये जाने के सापेक्ष 04 विधाओं CS, ME, FT, PL हेतु 03 वर्ष का प्रत्यायन एन0बी0ए0 नई दिल्ली से हो गया है, जबकि ET का प्रत्यायन छात्र शिक्षक अनुपात के मानक विचलन के कारण नहीं हो सका। शिक्षक पदों के सृजन सम्बन्धी प्रस्ताव शासन स्तर पर लम्बित है, उम्मीद है जल्द ही अनुमोदन आ जायेगा।
3. शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए कार्यपरिषद द्वारा नये SFS पाठ्यक्रमों के लिये पदों का सृजन कर दिया गया है तथा SFS एवं विश्वविद्यालय फण्डेड पाठ्यक्रमों हेतु असि0 प्रोफेसर (Contract) का विज्ञापन दे दिया गया है तथा जुलाई में भर्ती पूरी कर ली जायेगी।
4. विश्वविद्यालय की BE, PT, OT विधा के एक्रीडिटेशन हेतु एन0बी0ए0 नई दिल्ली की टीम द्वारा परीक्षण सह भ्रमण शीघ्र ही किया जाना है। पेन्ट विभाग की एक लैब को NABL से प्रत्यायन करने के लिये सभी प्रकियाएं पूरी कर ली गयी है तथा NABL की टीम 22–23 अगस्त को लैब विजिट करेगी।
5. विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी पाठ्यक्रमों के प्रवेश प्रकिया चल रही है तथा सभी पाठ्यक्रमों में पिछले वर्षों से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुये हैं। इसी कडी में अवगत कराना है कि अभ्यर्थियों की जिज्ञासाओं के समाधान हेतु AI Chatbot HBTU Mitra क्रियाशील है।
6. शैक्षिक सत्र 2025–26 में सेवायोजन हेतु अद्यतन 180 कम्पनियॉ आयी हैं जिनके द्वारा 715 छात्रों को प्लेसमेन्ट दिया गया है। लगभग 200 छात्रों को पेड इन्टर्नशिप प्राप्त हुई जिनमें से अधिकतर छात्रों को पी0पी0ओ0 प्राप्त हुये।
7. शोध को बढावा देने हेतु ऐसे नये शिक्षकों को जिनके पास कोई वाह्य फण्डेड प्रोजेक्ट नहीं है को रू0 2.00 लाख की सीड मनी विश्वविद्यालय द्वारा दी गई तथा 26 प्रोजेक्ट सेन्ट्रल/स्टेट फण्डेड चल रहे हैं। अभी कुछ समय पहले रिलीज हुई ग्लोबल साइन्टिस्ट इन्डेक्स में विश्वविद्यालय के 17 शिक्षक टाप 5 प्रतिशत में शामिल हैं।
8. विश्वविद्यालय का अष्टम् दीक्षान्त समारोह 10 जुलाई, 2026 को होना निर्धारित है। दीक्षान्त समारोह सम्बन्धी तैयारियॉ चल रही हैं। अपने गौरवशाली छात्र श्री राजेन्द्र कुमार जालान दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। विश्वविद्यालय के इस गरिमामय दीक्षान्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार की ओर से आप सभी सम्मानित सदस्य कार्यक्रम की शोभा बढाने हेतु आमंत्रित हैं।
9. विश्वविद्यालय कार्यों में डिजिटलीकरण को बढावा देते हुये विश्वविद्यालय वेबसाइट को शिक्षकों हेतु डायनेमिक कर दिया गया है और शिक्षकों द्वारा प्रयोग में लाया जा रहा है।
10. विश्वविद्यालय द्वारा नान ई–वेस्ट की नीलामी जेम पोर्टल के माध्यम से की गई, जिसका बिड में निर्धारित आरक्षित मूल्य रू0 8,44,322.00 था, किन्तु रू0 10,62,000.00 प्राप्त

हुआ। 50 वर्षों से ज्यादा समय से निष्प्रयोज्य पड़े एक टैंक नीलामी पर उठाने पर टैंक में तेल होने का पता चला जिसे नीलामी कर रू0 72688.00 धनराशि प्राप्त किया गया। इसके साथ ही बहुत सा स्पेस खाली हुआ है जिसको छात्र हित में इस्तेमाल किया जायेगा। दीक्षान्त समारोह के दृष्टिगत् गंगोत्री छात्रावास में पड़ा निष्प्रयोज्य सामान की नीलामी जल्द की जायेगी।

11. विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों के मध्य छात्रों के आवागमन को सुविधाजनक बनाने हेतु दूसरी बस का क्रय कर लिया गया है और वर्तमान में प्रयोग में लाया जा रहा है।
12. विश्वविद्यालय के एस0ओ0ई0एम0 तथा सी0एस0ई0 विभागों में छात्रों के प्रयोगार्थ कक्षाओं, लान टेनिस कोर्ट, टाइप V आवास का निर्माण कार्य प्रगति पर है जिसका दीक्षान्त समारोह में मा0 कुलाधिपति महोदय द्वारा उद्घाटन किया जायेगा।
13. छात्रों हेतु 01 अदद एवं छात्राओं हेतु 01 अदद छात्रावास का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसे माह जुलाई 2026 से छात्र–छात्राओं को आवंटित किया जायेगा।
14. रूसा परियोजना के अन्तर्गत बन रहे इन्क्यूबेशन हब के अधूरे भवन को रूसा से धनराशि अवमुक्त होने के साथ रूसा से इस मद का फण्ड रिलीज हो गया है तथा बाकी मदों में 4 करोड़ भी रिलीज हो गया है। भवन को पूर्ण किये जाने के कार्यवाही प्रगति पर है जिसे माह जुलाई 2026 में पूरा करते हुये दीक्षान्त समारोह के दौरान मा0 कुलाधिपति महोदय द्वारा उद्घाटन किया जायेगा।
15. एच0बी0टी0यू0 के 1975 बैच के छात्रों द्वारा लान टेनिस कोर्ट का निर्माण कराते हुये प्रयोगार्थ विश्वविद्यालय को प्रदान कर दिया गया है तथा दीक्षान्त समारोह के दौरान मा0 कुलाधिपति महोदय द्वारा उद्घाटन किया जायेगा।
16. विश्वविद्यालय द्वारा 01 टाइप V आवास तथा 6 टाइप IV आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। टाइप V के 01 आवास को माह जुलाई 2026 में पूरा करते हुये दीक्षान्त समारोह के दौरान मा0 कुलाधिपति महोदय द्वारा उद्घाटन किया ज़ायेगा।
17. आगामी सत्र में 60 सीट AI/ML, 60 सीट बी0बी0ए0, 60 सीट बी0टेक0 बायोटेक0, 60 सीट बीफार्मा में बढने तथा एम0एस0सी0 / एम0टेक0 / पी0एच0डी0 में अच्छी प्रतिकिया से छात्र क्षमता बढेगी तथा आय भी बढेगी।

**32.01. हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 13/02/2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे सम्पन्न 31वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 13/02/2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे सम्पन्न 31वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त किसी मा0 सदस्य से कोई टिप्पणी/टीकाएं प्राप्त न होने के दृष्टिगत पुष्टीकरण किया गया।

**32.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 13/02/2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे सम्पन्न 31वीं वित्त समिति की बैठक में लिए गए निणयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 13/02/2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे सम्पन्न 31वीं वित्त समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों से संबंधित कृत कार्यवाहियों से संज्ञानित हुई तथा सन्तोष व्यक्त किया गया।

**32:03 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर का वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए अनुमोदित बजट के सापेक्ष वास्तविक आय–व्ययक तथा वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए अनुमोदित आय–व्ययक के अधीन आय–व्ययक संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए अनुमोदित आय–व्ययक के सापेक्ष वास्तविक आय–व्ययक पर अनुमोदन प्रदान किया तथा वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए अनुमोदित बजट के अधीन वेतन–भत्ते के मदों का व्यय दिनांक 30 जून, 2026 तक तथा गैर वेतन–भत्ते के मदों पर दिनांक 17 जून, 2026 तक हुए आय–व्ययक का अवलोकन किया। विवरण निम्नवत् हैः

| | आयोजनेत्तर / राजस्व मद | वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए प्राविधान आय–व्ययक बजट | वित्तीय वर्ष 2025–26 में अनुमोदित बजट के अधीन पुनर्विनियोजन आय–व्ययक | वित्तीय वर्ष 2025–26 में वास्तविक व्यय | वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए अनुमोदित आय–व्ययक बजट | वित्तीय वर्ष 2026–27 में दिनांक 30जून, 2026 तक व्यय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | | | | | | |
| 1 | **वेतन भत्ते** | | | | | |
| | **(अ) शिक्षक** | | | | | |
| | (क) वेतन | 2300.00 | 2263.50 | 1,905.59 | 2500.00 | 660.57 |
| | (ख) महगाई भत्ता | 1100.00 | 1100.00 | 896.01 | 1200.00 | 320.74 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 120.00 | 120.00 | 78.75 | 130.00 | 25.36 |
| | (घ) एरियर सातवां वेतनमान | 138.06 | 138.06 | 72.74 | 138.06 | 0.00 |
| | (ड) कैस प्रोन्नत+अन्य एरियर | 100.00 | 100.00 | 21.37 | 100.00 | 17.06 |
| | योग | **3758.06** | **3721.56** | **2974.46** | **4068.06** | **1023.73** |
| | **(ब) प्रशासन** | | | | | |
| | (क) वेतन | 180.00 | 180.00 | 169.76 | 180.00 | 42.30 |
| | (ख) महँगाई भत्ता | 85.00 | 85.00 | 85.00 | 90.00 | 24.34 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 10.00 | 10.00 | 6.15 | 10.00 | 1.07 |
| | (घ) चयन प्रोन्नत+अन्य एरियर | 25.00 | 25.00 | 6.97 | 25.00 | 0.00 |
| | योग | **300.00** | **300.00** | **267.88** | **305.00** | **67.71** |
| | **(स) शिक्षणेत्तर कर्मचारी** | | | | | |
| | (क) वेतन | 750.00 | 744.85 | 498.40 | 750.00 | 159.41 |
| | (ख) महगाई भत्ता | 370.00 | 370.00 | 281.83 | 370.00 | 93.52 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 80.00 | 80.00 | 35.52 | 80.00 | 8.90 |
| | (घ) आउट सोर्सिंग | 400.00 | 397.00 | 355.57 | 400.00 | 132.34 |
| | (ढ) एरियर | 50.00 | 50.00 | 1.58 | 50.00 | 9.57 |
| | योग | **1650.00** | **1641.85** | **1,172.90** | **1650.00** | **403.74** |
| | (द)एन0पी0एस0 | **250.00** | **250.00** | **224.49** | **350.00** | **58.65** |
| | योग–य=(अ+ब+स+द) | **5958.06** | **5913.41** | **4639.73** | **6373.06** | **1553.83** |
| | **विश्वविद्यालय में संचालित स्व–वित्तपोषित कार्यक्रम** | | | | | |
| | (र) वेतन प्राध्यापक (बी0फार्मा0 / बायो–टेक / एम0एस0सी0) | **15.00** | **35.00** | **29.72** | **50.00** | **15.20** |
| | **(ल) एस0ओ0ई0 एण्ड एम0** | | | | | |
| | 1. वेतन (प्राध्यापक एवं अतिथि व्याख्याता) | 163.50 | 180.00 | 178.45 | 180.00 | 58.81 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2. वेतन (स्टाफ) | 23.35 | 28.50 | 26.33 | 30.00 | 9.64 |
| | 3. अन्य भत्ते | 0.40 | 0.40 | 0.40 | 1.00 | 0 |
| | 4. वेतन (आउटसोर्स) | 18.00 | 21.00 | 17.01 | 22.00 | 6.97 |
| | **योग** | **205.25** | **229.90** | **222.19** | **233.00** | **75.42** |
| | **कुल योग (य+र+ल)** | **6178.31** | **6178.31** | **4891.64** | **6656.06** | **1644.45** |
| **(ख)** | **मद** | **वित्तीय वर्ष 2025—26 के लिए प्राविधान आय—व्ययक बजट** | **वित्तीय वर्ष 2025—26 में अनुमोदित बजट के अधीन पुनर्विनियोजन आय—व्ययक** | **वित्तीय वर्ष 2025—26 में वास्तविक व्यय** | **वित्तीय वर्ष 2026—27 के लिए अनुमोदित आय—व्ययक बजट** | **वित्तीय वर्ष 2026—27 में दिनांक 17जून, 2026 तक व्यय** |
| 2 | यात्रा व्यय | 15.00 | 7.00 | 5.57 | 15.00 | 0.75 |
| 3 | कार्यालय व्यय | 40.00 | 10.00 | 8.71 | 40.00 | 0.27 |
| 4 | टेलीफोन व्यय | 7.00 | 5.00 | 4.29 | 7.00 | 0.73 |
| 5 | गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद | 25.00 | 25.00 | 22.47 | 35.00 | 10.47 |
| 6 | व्यवसायिक एवं विधिक सेवाओं के लिए भुगतान | 20.00 | 23.00 | 23.00 | 30.00 | 2.39 |
| 7 | विज्ञापन | 50.00 | 60.00 | 53.35 | 80.00 | 0.00 |
| 8 | छात्रवृत्ति / फेलोशिप | 175.00 | 165.00 | 164.84 | 190.00 | 36.92 |
| 9 | भवन किराया, गृह कर, जल कर/जल प्रभार आदि | 175.00 | 170.00 | 169.79 | 175.00 | 0.00 |
| 10 | भवनों/सड़कों/अतिथि गृह/33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र के संचालन, मरम्मत एवं मशीनों आदि का रखरखाव | 1250.00 | 1200.00 | 1147.10 | 1400.00 | 22.91 |
| 11 | विभागों हेतु उपकरणों, प्रयोगशाला संचालन, लेखन सामग्री व आर0 एण्ड डी कियाकलाप, सेमिनार में प्रतिभाग, आयोजन एवं कार्यालय व विविध व्यय एवं लघु एवं सूक्ष्म मरम्मत आदि हेतु | 800.00 | 510.00 | 322.42 | 900.00 | 174.55 |
| 12 | विद्युत व्यय | 350.00 | 300.00 | 276.72 | 350.00 | 64.78 |
| 13 | औषधियों एवं चिकित्सीय उपकरणों आदि पर व्यय | 30.00 | 6.00 | 4.92 | 30.00 | 5.97 |
| 14 | शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति | 10.00 | 10.00 | 9.34 | 15.00 | 9.68 |
| 15 | सुरक्षा गार्ड व्यवस्था | 400.00 | 350.00 | 301.99 | 400.00 | 72.16 |
| 16 | परीक्षा संचालन | 75.00 | 30.00 | 29.77 | 75.00 | 1.31 |
| 17 | प्रत्यायन शुल्क | 30.00 | 21.00 | 20.06 | 30.00 | 0.00 |
| 18 | विवेकाधीन कोष—माननीय कुलपति महोदय | 10.00 | 1.00 | 0.00 | 10.00 | 0.00 |
| 19 | कार्य परिषद, शैक्षिक परिषद एवं विभिन्न समितियों के आयोजन हेतु | 20.00 | 10.00 | 6.93 | 20.00 | 0.00 |
| 20 | वाहन का कय | 100.00 | 75.00 | 20.47 | 100.00 | 0.00 |
| 21 | आटोमेशन कार्य | 10.00 | 2.00 | 0.00 | 10.00 | 0.00 |
| 22 | गोपनीय व्यय | 10.00 | 4.00 | 2.42 | 10.00 | 0.00 |
| 23 | छात्रावास के संचालन, रखरखाव, सुरक्षा एवं विद्युत व्यय इत्यादि। | 550.00 | 503.00 | 501.88 | 600.00 | 65.99 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | विश्वविद्यालय छात्र कियाकलाप परिषद के व्यय हेतु | 110.00 | 85.00 | 84.89 | 110.00 | 68.39 |
| 25 | ट्रेनिंग प्लेसमेंट के व्यय (संचालन एवं स्थापना पर व्यय) | 40.00 | 10.00 | 8.30 | 40.00 | 1.11 |
| 26 | इन्टरनेट शुल्क | 100.00 | 100.00 | 99.93 | 125.00 | 3.32 |
| 27 | पुस्तकालय व्यय | 100.00 | 25.00 | 23.87 | 100.00 | 0.98 |
| 28 | विश्वविद्यालय के सुदृणीकरण/ अवस्थापना, प्रयोगशालाओं के रिनोवेशन,छात्रावास, भवन एवं सड़क निर्माण एवं विस्तार तथा नवीन प्रयोगशालाओं के निर्माण कार्यो हेतु व्यय | 1500.00 | 2300.00 | 2293.32 | 2500.00 | 911.40 |
| 29 | काउन्सिलिंग एवं कन्टीजेन्सी व्यय | 60.00 | 60.00 | 60.00 | 75.00 | 0.00 |
| 30 | दीक्षान्त समारोह व्यय | 50.00 | 45.00 | 44.66 | 55.00 | 0.00 |
| **A** | योग | **6112.00** | **6112.00** | **5711.01** | **7527.00** | **1454.08** |
| 31 | बी0फार्मा0 /बायो–टेक के लिए उपकरण एवं अन्य व्यय हेतु | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 50.00 | **0.00** |
| 32 | सुरक्षा गार्ड व्यवस्था (एस.ओ.ई.एम.) | 5.00 | 11.00 | 10.27 | 14.00 | 2.49 |
| 33 | एस0ओ0ई0 एण्ड एम0 के अन्तर्गत अन्य व्यय | 10.00 | 4.00 | 0.60 | 1.00 | 0.34 |
| **B** | योग | **15.00** | **15.00** | **10.87** | **65.00** | **2.83** |
| | कुल योग (A+B) | **6127.00** | **6127.00** | **5721.88** | **7592.00** | **1456.91** |
| | महायोग (क+ख) | **12305.31** | **12305.31** | **10613.52** | **14248.06** | **3101.36** |

## विश्वविद्यालय की प्राप्तियाँ

| कमांक | मद | वित्तीय वर्ष 2025–26 में जनवरी 2026 तक प्राप्तियाँ | वित्तीय वर्ष 2025–26 में अनुमान प्राप्तियाँ | वित्तीय वर्ष 2025–26 में वास्तविक प्राप्तियाँ | वित्तीय वर्ष 2026–27 में अनुमान प्राप्तियाँ | वित्तीय वर्ष 2026–27 में अनुमान प्राप्तियाँ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय फीस + अन्य अनुमानित आय | 7506.17 | 7513.22 | 7591.90 | 8860.87 | 8860.87 |
| 2 | शासन द्वारा वेतन भत्ते के लिए अनुदानित धनराशि | 3319.00 | 3666.16 | 3319.00 | 4270.15 | 3500.00 |
| 3 | शासन से गैर वेतन भत्ते हेतु अनुदानित धनराशि | 13.10 | 26.20 | 26.20 | 26.11 | 26.11 |
| 4 | शासन से एन0पी0एस0 नियोक्ता अंशदान हेतु अनुदानित धनराशि | 171.31 | 171.31 | 224.49 | 322.92 | 222.92 |
| 5 | शासन से शिक्षकों के सातवे वेतन के एरियर का भुगतान हेतु वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 के लिए प्राविधानित अनुदान धनराशि | 0.00 | 138.04 | 0.00 | 138.06 | 138.06 |
| 6 | वित्तीय वर्ष 2024–25 की अनुमान बचत को वित्तीय वर्ष 2025–26 के आय में दर्शाया गया है। | 1525.92 | 1525.92 | 1525.92 | 2073.99 | 2073.99 |
| | योग | **12535.50** | **13040.85** | **12687.51** | **15692.10** | **14821.95** |
| | बचत | **230.19** | **735.54** | **2073.99** | **1444.04** | |

| | | |
|---|---|---|
| c | आयोजनागत/पूँजीगत | (शासन के आय–व्ययक में प्रावधान/अनुमान) |

| क्रम संख्या | मद | वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए शासन से अवमुक्त धनराशि | वित्तीय वर्ष 2025–26 में जनवरी 2026 तक व्यय धनराशि | वित्तीय वर्ष 2025–26 में वास्तविक व्यय | वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए अनुमान प्राप्तियाँ | वित्तीय वर्ष 2026–27 में दिनांक 17जून, 2026 तक व्यय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वृहत निर्माण कार्य | 200.00 | 111.48 | 200.00 | 200.00 | 0.00 |
| 2 | रूसा अनुदान | 0.00 | 0.00 | 233.00 | 521.14 | 521.14 |
| | योग | **200.00** | 111.48 | 433.00 | 721.14 | 521.14 |

**32:04 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में लागू Research Promotion Policy के अन्तर्गत शोध कार्यो को बढ़ावा दिये जाने के दृष्टिगत विश्वविद्यालय के बजट के अधीन रिसर्च एण्ड डवलपमेन्ट बजट मद में प्राविधानित धनराशि में से विभागों को Seed Money दिये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय की वित्त समिति की सम्पन्न 20वीं बैठक के एजेण्डा मद संख्या:20.07 के अधीन अनुमोदित Research Promotion Policy के अन्तर्गत लिए निर्णयों के आलोक में रिसर्च एण्ड डवलपमेन्ट बजट मद में प्राविधानित धनराशि रू0 900.00 लाख में से विश्वविद्यालय के फिजिक्स, गणित, केमिकल इन्जीनियरिंग,आयल टेक्नालॉजी, लेदर टेक्नालॉजी, प्लास्टिक टेक्नालॉजी, फूड टेक्नालॉजी, सिविल इन्जीनियरिंग एवं मैकेनिकल इन्जीनियरिंग विभाग को Seed Money के रूप में धनराशि रू0 40.30 लाख की प्रदान की गयी स्वीकृति से सम्बन्धित कृत कार्यवाही का सम्यक अवलोकन एवं अनुमोदन प्रदान किया गया।

**32:05 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 02/06/2026 को आहूत बैठक के मद संख्या:37:10 के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में संचालित स्वःवित्त पोषित पाठ्यक्रमों हेतु पदों के सृजन हेतु लिए गए निर्णय संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की दिनांक 02/06/2026 को सम्पन्न 37वी बैठक के मद संख्या:37.10 के अधीन हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में संचालित विभिन्न स्वःवित्त पोषित पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक पदों का सृजन एवं विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक पाठ्यक्रम में छात्र संख्या के आधार पर आवश्यकता के अनुसार ही नियुक्तियाँ किए जाने सम्बन्धी कार्य परिषद द्वारा लिये गये निर्णय को संज्ञानित किया गया।

**32:06 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के केन्द्रीय कय समिति की दिनांक 02/05/2026 को सम्पन्न 28वीं बैठक में लिये गये निर्णय संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने दिनांक 02/05/2026 को विश्वविद्यालय की केन्द्रीय कय समिति की आहूत 28वीं बैठक में लिये गये निर्णयों से संबंधित कार्यवृत्त को संज्ञान में लिया तथा सम्यक अनुमोदन प्रदान किया।

**32:07 पूर्ववर्ती संस्थान/हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के पुस्तकालय के भण्डार के सत्यापन की जाँच आख्या के अनुसार 6885 पुस्तकों तथा जनरल्स के अनुउपलब्ध होने की दशा में संस्थान को हुई आर्थिक क्षति के निस्तारण /राइट–ऑफ किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा पूर्ववर्ती हरकोर्ट बटलर प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के पुस्तकालय के भण्डार के सत्यापन से सम्बन्धित जाँच आख्या के अनुसार 6885 पुस्तकों तथा जनरल्स के अनुउपलब्ध होने की दशा में प्रकरण में सन्निहित धनराशि रू0 5,45,858.00 से संबंधित प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों की जाँच सम्बन्धी समिति (वर्ष 2010–11) की बैठक दिनांक 29.09.2011 की कार्यवाही कम संख्या:2, वार्षिक प्रतिवेदन के पृष्ठ संख्या 206 पर उल्लिखित आडिट पैरा से सम्बन्धित शीर्षक एवं कमांक 16.1(3), कार्यालय ईकाई एच0बी0टी0आई0 कानपुर, सम्प्रेक्षण अवधि 2001–02, प्रस्तर संख्या:4(ड़), भाग–2(अ) के अन्तर्गत माननीय सभापति द्वारा पुस्तकालय में अनुपलब्ध 6885 पुस्तकों के राइट–ऑफ अथवा अन्य विधि से निस्तारण हेतु प्रदान किए गये निर्देशों एवं विश्वविद्यालय के पत्र संख्या:291/अदम /जी0ए0/विविध/2026 दिनांक जून 11, 2026 के अधीन पुस्तकालय में पुस्तकों तथा जनरल्स के राइट–आफ हेतु दिनांक 17/06/2026 को विश्वविद्यालय स्तर पर गठित आन्तरिक समिति द्वारा की गयी संस्तुतियों पर सम्यक विचारोपरान्त पुस्तकालय में अनुपलब्ध 6,885 पुस्तकों तथा जनरल्स (निहित कुल धनराशि रू0 5,45,858.00 (रू0 पाँच लाख पैतालिस हजार आठ सौ अठ्ठावन मात्र) का राइट–ऑफ किया जाना न्यायोचित एवं औचित्यपूर्ण होने के परिपेक्ष्य में लेखा परीक्षा प्रतिवेदन के प्रस्तर संख्या:प्रस्तर–4(ड़) भाग–2(अ) सन्निहित धनराशि रू0 5,45,858.00 का राइट–ऑफ हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

**32:08 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के केन्द्रीय कय समिति की दिनांक 23/06/2026 को सम्पन्न 29वीं बैठक में लिये गयेनिर्णय संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने दिनांक 23/06/2026 को विश्वविद्यालय की केन्द्रीय कय समिति की आहूत 29वीं बैठक में लिये गये निर्णयों से संबंधित कार्यवृत्त को संज्ञान में लिया तथा सम्यक अनुमोदन प्रदान किया।

**32:09 माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद पर विचार।**

समिति के समक्ष माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद से संबंधित प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ।

**(साहित्य कुमार कटियार)**
**वित्त नियंत्रक/सदस्य सचिव**
**एच0बी0टी0यू0 कानपुर।**

**कार्यालय वित्त नियंत्रक**
**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर**

संख्याः 76 /वित्त–लेखा/वित्त समिति(32)/2026–27(1) दिनांकः 30/06/2026

**कुलसचिव,**
एच0बी0टी0यू0 कानपुर।

महोदय,

कृपया विश्वविद्यालय वित्त समिति की दिनांक 29/09/2026 को आहूत 32वीं बैठक का कार्यवृत्त संलग्न कर इस अनुरोध से प्रेषित है कि इसे विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

(साहित्य कुमार कटियार)
वित्त नियन्त्रक

प्रतिलिपि–सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0 कानपुर को इस आशय से प्रेषित है कि कार्यवृत्त (संलग्न) को कृपया एच0बी0टी0यू0 कानपुर की वेबसाइट पर अपलोड करायें।

वित्त नियन्त्रक